भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 142

19 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों में कोविड केयर अस्पताल

142. श्री संजय काका पाटील:
श्री एन. रेड्डप्प:
डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों में काफी बड़े कोविड केयर अस्पताल खोले थे;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और महामारी के दौरान स्थापित की गई ऐसी सुविधाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस्पात संयंत्रों में ऐसे चिकित्सा केन्द्रों को स्थापित करने के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) से (ग): देश की सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनियों ने महामारी के दौरान अपने संसाधनों का प्रयोग करते हुए अपने इस्पात संयंत्रों में बड़े कोविड केयर अस्पतालों/फेसिलिटी को खोला है। सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिए कोई आवंटन नहीं किया गया है:

इस्पात पीएसयू	संयंत्र/स्थान	बिस्तरों की संख्या	कुल
राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)	विशाखापट्टनम	440	440
स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल)	बोकारो	500	1114
	भिलाई	114	
	राउरकेला	100	
	बर्नपुर	200	
	दुर्गापुर	200	
कुल			**1554**

****